सार-समाचार

जिलों को शीघ्र मिलेंगे कांग्रेस अध्यक्ष

करौली । राजस्थान में कांग्रेस ने आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनावों को लक्ष्य बनाकर जिलों में अपने ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। इसी क्रम में करौली में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसमें प्रदेश स्तर के पर्यवेक्षक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। करौली में एआईसीसी पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए सृजन अभियान चल रहा है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही जिलों को नए अध्यक्ष मिलेंगे। जावेद ने कहा कि पार्टी का मुख्य फोकस 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनावों पर है।पर्यवेक्षक नदीम जावेद के अनुसार, भाजपा की नीतियों और 'वोट चोरी' के मामलों को लेकर आमजन में रोष है। इसी आधार पर कांठोस आगामी चुनावों में राज्य और केंद्र दोनों जगह सरकार बनाने का दावा कर रही है।जावेद ने जानकारी दी कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले की प्रत्येक विधानसभा में बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान कांठोस जिला अध्यक्ष पद के लिए 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के काम की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से दो विधानसभा और लोकसभा सीटों पर सफलता मिली थी।नदीम जावेद ने स्वीकार किया कि पार्टी के लोकतांत्रिक स्वरूप के कारण कई बार विरोधी विचार खुले मंचों पर सामने आ जाते हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन के नाम पर सभी एकजुट हैं।इस दौरान पूर्व मंत्री रमेश मीणा, पूर्व विधायक लाखन सिंह, टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर, कांठोस जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह, एआईसीसी के अजीत यादव और भुवी मीणा सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। बैठक में कांठोस नेता भूपेंद्र भारद्वाज, हुकमबाई मीणा, शिवदयाल मीणा, पुष्पेंद्र मीणा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

युवक का पेड़ से लटका मिला शव

करौली । करौली के बहादुरपुर क्षेत्र में सोमवार प्रात एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मामचारी थाना क्षेत्र स्थित पार्वती वाले हनुमानजी मंदिर के पास हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान करई चूरीयाकी गांव निवासी सुमरन मीणा (25) पुत्र भरतू मीणा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मामचारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी कारण एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया।मृतक के भाई शिवराज मीणा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में हत्या का संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह एक दूध सप्लायर ने फोन पर सूचना दी कि उनके भाई सुमरन का शव पेड़ से लटका हुआ है। परिजनों का कहना है कि शव के पैर जमीन को छू रहे थे, जिससे यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला लगता है। मामचारी थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि सुमरन दक्षिण भारत में मार्बल फिटिंग का काम करता था। उसकी शादी एक वर्ष पहले हुई थी और एक माह पूर्व ही उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।दो दिन पहले सुमरन सपोटरा क्षेत्र में अपनी बुआ के घर गया था। वहां से लौटने के बाद वह घर नहीं पहुंचा और इसके बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की।

प्रतियोगिता का समापन 24 को

गंगापुर सिटी । नसिया प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में नसिया जैन बगीची खेल मैदान में गत 12 अक्टूबर से निरंतर नसिया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट मैच के टॉस के बॉस नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल रहे जबकि विशेष रूप से पार्षद कमलेश महावर,गौरव मंगल,बबलू चौधरी,वेदप्रकाश शर्मा, रामबाबू शर्मा,अतुल मुद्गल,शाकिर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभापति अग्रवाल ने कहा कि नसिया कॉलोनी क्रिकेट प्रेमियों द्वारा शहर को शिक्षा नगरी, धार्मिक नगरी छोटी काशी के साथ-साथ खेलो की नगरी के रूप में विकसित करने की पहल सराहनीय है आगामी भविष्य में भी प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा मिलना चाहिए जिससे क्षेत्र के खिलाडियो को एक मंच मिल सके। इस दौरान उन्होने सभी को दीपावली की शुभकामनाऐ देते हुए दी। उक्त आयोजन से जुड़े रसिया प्रीमियर लीग कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उक्त डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 24 अक्टूबर को फाइनल मैच के आयोजन के साथ विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। कमेटी के सदस्य क्रिकेट प्रेमी सौरव गौतम, हरकेश मीणा, जयराज सिंह रानू, कुलदीप बना, दिलीप महावर उर्फ चन्दा, पार्षद रवि गोठवाल, चंद्रप्रकाश उर्फ चन्दू मीणा, प्रकाश महावर, राजेंद्र महावर, इजराइल खान लाला, कॉमेंट्रेटर के रूप में धनेश शर्मा, मुकेश शर्मा, हेमंत जैन, क्रिकेटप्रेमी शिक्षाविद उमेश शर्मा, प्रदीप गौतम, योगेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत गौतम, महेंद्र वैष्णव, सुंदर जादौन सहित सैकड़ो की संख्या में क्रिकेटप्रेमी युवा एवं पुरुष उपस्थित रहे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

करौली । कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा ने मामचारी थाने पर प्रेस वार्ता कर खुलासा किया कि गत दिन शनिवार को पीड़िता के पिता ने मामचारी थाने पर पुत्री के साथ मारपीट कर दुष्कर्म करने का मामला नाम जद आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामचारी थाना अधिकारी शैतान सिंह एवं कैला देवी थाना अधिकारी गिर्राज प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित का आरोपी की तलाश जारी की उन्होंने बताया कि आरोपी राकेश पुत्र प्रकाश मीणा 33 को कंवरपुर की पहाड़ियों से गिरफ्तार किया।

अवैध कब्जे पर चलाया पीला पंजा

गंगापुर सिटी । मिर्जापुर स्थित महादेव मंदिर की मंदिर माफी भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। तहसीलदार अजय मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार मंदिर की खसरा नंबर 564 भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था। अतिक्रमी को पहले भी अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई थी और पाबंद किया गया था। चेतावनी के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने पर तहसीलदार अजय मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को हटवाया। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों या सार्वजनिक परिसरों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार मीणा ने बताया कि ऐसे अतिक्रमणों की नियमित जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम, स्थानीय पुलिस बल और नगर निगम का सहयोग भी रहा।

हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपावली व गोर्वधन महापर्व, भाई दूज आज

गंगापुर सिटी । दीपोत्सव के त्योहार पर सोमवार शाम घरों और बाजारों को रंग बिरंगी रोशनी और लाइटिंग से अलग-अलग थीम पर सजाया गया है। लोगों ने शुभ मुहूर्त के साथ अपने घर प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी माता की विशेष पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की है। वहीं, घर परिवार के लोगों ने लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना के बाद अपने से बड़ों से आशीर्वाद लेकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। बाजारों में रंग बिरंगी रोशनी के साथ लोग सेल्फी लेते हुए नजर आए। साथ ही फेसबुक, वॉट्सऐप, सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपलोड की जा रही है। दीपोत्सव के मौके पर बच्चों ने घरों में फूलों से और रंग कलर से भी अलग-अलग थीम की रंगोली बनाई गई है। दीपावली को लेकर सोमवार को लोगों ने लक्ष्मी पूजन कर आतिशबाजी की। माता चक्रपाणि मंदिर के सेवक अशोक आचार्य ने बताया कि अमावस्या में कुल देवताओं की पूजा का विधान है। कुल देवताओं की पूजा के बाद ही लक्ष्मी पूजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को गंगापुर सिटी शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शाम को शुभ मुहूर्त में लोगों के द्वारा माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। लक्ष्मी पूजन का कार्यक्रम रात करीब 9 बजे तक चला। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी। साथ ही लोगों ने लक्ष्मी पूजन के बाद जमकर आतिशबाजी की। बच्चों ने भी फुलझड़ी पटाखे चलाकर आनंद लिया। सोमवार दोपहर में अमावस्या के शुरू होने के बाद शाम होते ही जिले में हर ओर दीपों की रोशनी बिखर गई और घर-घर रंग-बिरंगी लाइटों से सजे हुए नजर आए। अमावस्या के मौके पर शनिवार को भी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान की आराधना की और दीप जलाए। लोगों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दीपावली के मौके पर अंधेरा होते ही आसमान में पटाखों की झड़ी लग गई। बच्चे और बड़े सभी आतिशबाजी कर दीपावली का आनंद लेते दिखाई दिए। इस मौके पर एक-दूसरे को मिठाइयां बांटकर, गले मिलकर और शुभकामनाएं देकर रिश्तों में मिठास और अपनापन देखा गया। रातभर गंगापुर सिटी का आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से जगमगाता रहा। कई इलाकों में सामूहिक रूप से भी पटाखे जलाए गए। जिससे लोगों का उत्साह और बढ़ गया। दीपावली के इस पर्व ने उमंग और खुशी का माहौल पैदा कर दिया और सभी ने मिलकर एकजुटता और प्रेम के साथ इस पर्व को मनाया। भाई दूज का त्यौहार रविवार को मनाया जायेगा। पूर्व विधायक व सभापति ने बाजार में किए रामा श्यामा भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व सभापति शिवरतन अग्रवाल दीपावली पूजन के बाद आम जनता से दीपावली की रामा-श्यामा करने के लिए शाम 7 बजे बाजार मे निकले। इस दौरान दोनो नेताओ ने आमजन को दीपावली की शुभकामनाऐ देते हुए सभी के लिए पर्व मंगलमय होने की कामना की। सोमवार को पूर्व विधायक मानसिंह, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व उपसभापति दीपक एवं भाजपा उपजिला अध्यक्ष सिंघल, भाजपा पार्षद बलवीर सोनी, कार्यकर्ता नितेश मोदी सहित दर्जनो लोगो ने बाजार में पहुंच कर आमजन को दीपावली की शुभकामनाऐ दी। गोवर्धन महापर्व पर मंदिरो सजी झांकी, भक्तो ने पाई अन्नकूट महाप्रसादी शहर में हर साल की तरह इस साल भी गोवर्धन पर्व के मौके पर करीब 12 मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा-गरम अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया।

हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

गंगापुर सिटी । मंगलवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गंगापुर-जयपुर हाईवे पर खेड़ली बगलाई मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार खानपुर बड़ौदा निवासी देवीसिंह (28) पुत्र रामेश्वर जाटव अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। खेड़ली बगलाई मोड़ के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल देवीसिंह को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल पहुंचे।

बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हॉस्पिटल सीज

करौली । करणपुर मुख्यालय पर वालेर रोड पर एमडीएस यश हॉस्पिटल के नाम से संचालित हॉस्पिटल को बंद कराकर सीज किया गौरतलब है कि बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हॉस्पिटल पर क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के अनुसार संचालन के तय मानक पूर्ण नहीं किये जाने पर सीएमएचओ डॉ जयंती लाल मीणा ने सीज की कार्रवाई करते हुए वार्ड में डिलीवरी के बाद भर्ती मौजूद प्रसूता को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी करणपुर पहुंचवाया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .जयंतीलाल मीणा ने बताया सीएचसी करणपुर के निरीक्षण दौरान उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल द्वारा मनमानी तरीके से इलाज की राशि वसूलने और गैर जिम्मेदाराना जवाब की शिकायत प्राप्त हुई । जांच करने पर वालेर रोड स्थित एमसीडी यश हॉस्पिटल के नाम से संचालन पाया गया जहां मौके पर दो मरीजों का इलाज और एक डिलीवरी के बाद प्रसूता मिली मौके पर मौजूद डॉ. पंकज चतुर्वेदी से अस्पताल संचालन संबंधी कागज़ात के बारे में जानकारी ली गई चिकित्सक द्वारा

> **सीएचसी करणपुर के निरीक्षण दौरान उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल द्वारा मनमानी तरीके से इलाज की राशि वसूलने और गैर जिम्मेदाराना जवाब की शिकायत प्राप्त हुई ।**

अस्पताल संचालक के मानक संबंधी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जिस पर जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण (सीईए) द्वारा क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के अनुसार प्रदान शास्ति का प्रयोग करते हुए हॉस्पिटल पर सीज कार्रवाई की । उन्होंने बताया कि यह हॉस्पिटल जिला मुख्यालय करौली स्थित एमसीडी यश हॉस्पिटल के नाम का उपयोग कर आमजन को गुमराह कर रहा था बिना रजिस्ट्रेशन के संचालक पर हॉस्पिटल संचालन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीना, बीसीएमओ मंडरायल डॉ महेश मीणा,सीईए-कार्यवाहक लखन सिंह लोधा और पुलिस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भक्तों ने अन्नकूट की प्रसादी पाई

गंगापुर सिटी । शहर में हर साल की तरह इस साल भी दीपावली पर्व के मौके पर आर्य समाज भगवती नगर की ओर से मंगलवार को अन्नकूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा-गरम अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया। गौरतलब है की हर साल आर्य समाज भगवती नगर की ओर से अन्नकूट का आयोजन किया जाता है। इस साल भी आर्य समाज भगवती नगर की ओर से आर्य समाज मंदिर भगवती नगर के पास ही भगवती पैलेस में अन्नकूट का आयोजन किया गया। अन्नकूट प्रसादी बनाने के लिए मंगलवार अल सुबह ही दर्जनों हवाई प्रसादी तैयारी करने में जुट गए। इस दौरान हलवाइयों के द्वारा कड़ी और बाजारा की अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया। आयोजकों ने बताया कि करीब 2 क्विंटल बाजारा, एक क्विंटल चावल और चौड़ा की दाल और करीब तीन क्विंटल सब्जी से कड़ी बाजरे की प्रसादी तैयार की गई। प्रसाद तैयार होने के बाद भगवान को भोग लगाया गया और इसके बाद में सभी को प्रसादी जिमाई गई।

गुर्जर समाज के लोगो ने नदी में किया पितरों का तर्पण, पूर्वजों को याद करने के बाद मनाई जाती है दीपावली

गंगापुर सिटी । दीपावली के अवसर पर गुर्जर समाज ने अपने पूर्वजों की स्मृति में पारंपरिक छांट भरने की रस्म निभाई। इस दौरान समाज के लोगों ने तालाबों और जल स्रोतों के किनारे एकत्र होकर तर्पण किया और आपसी भाईचारे के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। यह परंपरा जल संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। गुर्जर समाज के युवा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुर्जर कुनकटा ने बताया कि सोमवार को कुनकटा कलां गांव स्थित श्री वीर भोजा बाबा मंदिर प्रांगण में बांसरोटा परिवार के पांच गांवों के पंच-पटेलों ने मिलकर छांट भरी। इस आयोजन में कुनकटा कलां, किशन की झोपड़ी, कुनकटा खुर्द (बाढ़), कोठी, काडी-दड़ी, मोतीपुरा और बाढ़-नेहरी गांवों के समाजजन पारंपरिक गीतों और वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए। मनोज गुर्जर के अनुसार दीपावली की सुबह से छांट भरने तक समाज के लोग उपवास रखते हैं। दोपहर बाद वे थाली में फलके, खीर और अन्य पारंपरिक व्यंजन लेकर सरोवरों के किनारे पहुंचते हैं। वहां भोग अर्पित कर पूर्वजों के नाम से तर्पण किया जाता है। आंधी झाड़ा की बेल के साथ की जाने वाली यह तर्पण परंपरा धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था को ही नहीं दर्शाती, बल्कि जल स्रोतों की शुद्धता बनाए रखने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का भी संदेश देती है। समाज का मानना है कि यह रस्म पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ-साथ समाज में संस्कार, मेलजोल और आपसी प्रेम को भी मजबूत करती है। तर्पण के बाद, समाज के लोग वहीं एकत्र होकर सामूहिक भोजन करते हैं और फिर एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की खुशियां बांटते हैं। इस अवसर पर नवजात बच्चों को भी छांट भरने ले जाया गया। उनका हाथ बैल पर लगवाया गया, ताकि उन्हें पारंपरिक संस्कार मिलें और उनका जीवन समृद्ध हो सके। फोटो-3- गंगापुर सिटी। नदी में पितरो को तर्पण करते गुर्जर समाज के लोग।

हॉस्पिटल में डिजिटल सुविधाएं शुरू

गंगापुर सिटी । राजकीय जिला चिकित्सालय में अब डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे मरीजों को रजिस्ट्रेशन, जांच रिपोर्ट और अन्य प्रक्रियाओं के लिए लंबी कतारों में खड़े होने या बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से निजात मिलेगी। अस्पताल प्रबंधन ने रजिस्ट्रेशन से लेकर जांच रिपोर्ट तक की सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। यह व्यवस्था अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन जल्द ही पूरी तरह लागू हो जाएगी। रोगी पर्ची के लिए लगने वाली लंबी कतारों की समस्या खत्म करने के लिए अस्पताल ने आभा ऐप का उपयोग शुरू किया है। मरीजों या उनके परिजनों को अपने मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड करना होगा और एक क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

गंगापुर सिटा में दुर्घटना में 3 की मौत

गंगापुर सिटी । तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे टेंपो को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो हाईवे से नीचे खाई में जा गिरा। सवारियां सड़क पर गिर गई। टेंपो सवार तीन लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हैं। 5 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। टेंपो सवारी भरकर सवाई माधोपुर से गंगापुरसिटी की ओर जा रहा था। जबकि तेज रफ्तार कार सवाई माधोपुर की ओर जा रही थी। दोनों वाहनों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा मंगलवार शाम करीब 6 बजे गंगापुर सिटी-सवाईमाधोपुर मेगा हाईवे पर लालपुर उमरी गांव के पास हुआ। गंगापुरसिटी सदर थाना एसआई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे सवाई माधोपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने गंगापुर की ओर जा रहे एक ऑटोरिक्शा को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार मीणापाड़ा निवासी गिर्राज मीणा (48) पुत्र अंबालाल मीणा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जैतपुर ढाणी ताल वृक्ष निवासी राम कल्याण (62) पुत्र गिरिराज गुर्जर और पलासोद निवासी मानसिंह (45) पुत्र दूल्हे राम गुर्जर ने जयपुर रेफर करने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों को एम्बुलेंस वापस गंगापुर सिटी राजकीय चिकित्सालय लेकर आई और शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। बुधवार सुबह तीनों मृतकों का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे में घायल मोहन (23), फूल कंवर (40), प्रदीप (30), बच्चन गुर्जर (45), मकसूद (18) को गंभीर हालत होने के कारण डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया। जबकि बने सिंह मीणा (40 वर्ष) गंगापुर सिटी अस्पताल में इलाज जारी है। एसआई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया।

सार-समाचार

सडक दुर्घटना में युवक की मौत

करौली । करौली में मंगलवार शाम एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। करौली-सर्मथुरा मार्ग (एनएच-23) पर पाटौरन गांव के पास ट्रैक्टर और मोटरसाईकिल की टक्कर हुई थी। इस घटना के बाद बुधवार प्रात: मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करौली अस्पताल में प्रदर्शन किया। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि मृतक की पहचान करौली के अंबेडकर नगर निवासी विक्रम जाटव (20) पुत्र राजाराम जाटव के रूप में हुई है। घायल मोहन सिंह (28) पुत्र दयाल, निवासी चैनपुर को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार शाम विक्रम मोटरसाईकिल चला रहा था और मोहन सिंह पीछे बैठा था। दोनों करौली की ओर जा रहे थे तभी पाटौरन गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी मोटरसाईकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में विक्रम की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण और परिजन करौली अस्पताल पहुंचे जहां शव रखा गया था। परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर में आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। सूचना मिलने पर डीएसपी अनुज शुभम, सदर थाना अधिकारी रामदीन शर्मा और एएसआई सुमेर सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस लाइन में मनाया शहीद दिवस

करौली । करौली जिला मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश के 191 शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया। शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र भेंट कर शहीदों को नमन किया गया। पुलिस जवानों ने तीन चक्र हवाई फायर कर शहीदों के बलिदान को याद किया। इस दौरान उपस्थित सभी ने देश सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि पुलिस शहीद दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की याद में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले एक वर्ष (1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक) राष्ट्र की सेवा करते हुए शहीद हुए 191 वीर जवानों के नाम पढ़े गए और उनके बलिदान को याद किया गया।पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के जवानों द्वारा विभिन्न दुर्गम परिस्थितियों में राष्ट्र सेवा और देश की सीमाओं की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

भोजन शाला में दीपोत्सव पर्व मनाया

करौली । मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजशाला में समिति के सदस्यों ने अस्पताल के रोगी और उनके परिवारजन के साथ दीपावली का पर्व मनाते हुए उन्हें प्रसादी ठाहण कराई और उपहार के रूप में मिठाई के डिब्बे भेंट किए। भोजन शाला समिति के अध्यक्ष बाला साहब ने बताया कि मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला नई सब्जी मंडी में संचालित है जिसमें अस्पताल के रोगी और उनके परिवारजन के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया इस अवसर पर रोगी एवं परिवार के लोगों को खीर, पूडी, सब्जी की प्रसादी ठाहण कराते हुए मिठाई के पैकेट वितरित किए गई वही गोवर्धन पूजा के दिन दोनों समय खीर पुरी की प्रसादी ठाहण कराई गई इस अवसर पर भोजन शाला समिति के संरक्षक डॉ प्रकाश व्यास, सदस्य डॉ शालिनी सिंह, ललिता मीणा गैस वाले, रिद्धि चंद बंसल, लक्ष्मणसिंह, दीपक जी,टीकाराम मीना गैस वाले, भोरु सिंह जादौन, गोविंद शर्मा, केके मित्तल,गोपाल शर्मा,नगेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता साइकिल वाले,जीतू पत्रकार, दिनेश लाइट वाले आदि आदि लोगो की ओर से भोजन प्रसादी और मिठाई वितरण किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बाला साहब ने सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

कुरीति मिटाने पर दिया जोर

गंगापुर सिटी । सैनी (माली) अधिकारी-कर्मचारी संस्था शाखा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। मधुवन रिसोर्ट में हुए इस कार्यक्रम में लगभग 600 अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाना था।कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। इनमें जरूरतमंद बालक-बालिकाओं के लिए निशुल्क कोचिंग और लाइब्रेरी पुन: शुरू करने का प्रस्ताव भी शामिल था। उपस्थित सभी लोगों ने इन सुझावों का स्वागत किया। सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव (आईएएस) ओपी सैनी समारोह के मुख्य मेहमान थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सच्ची लगन, ईमानदारी और संकल्प के साथ मेहनत करने वाला विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है। ओपी सैनी ने शिक्षा के साथ-साथ समाज के राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दयाराम माली ने की। विशिष्ट अतिथियों में लेखराज सैनी (आरएएस) जयपुर, सुरेश सैनी (प्रांतीय अध्यक्ष, सैनी अधिकारी कर्मचारी संस्था जयपुर), सीताराम सैनी (ईओ) और एनएचएआई जयपुर के चीफ कंट्रोलर सुरेश सैनी शामिल थे। इस अवसर पर कन्हैयालाल, भागचंद माली, मेघराज, इंद्रजीत, ममता, पिंकी, हरकेश, गजराज, रितेश, प्रेमराज सहित कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

क्षतिग्रस्त पुलिया जल्द निर्माण की मांग

हिंडौन सिटी। नगर परिषद क्षेत्र के दुब्बे पाड़ा में क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने अधिकारियों द्वारा पुलिया की मरम्मत पर ध्यान न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की स्थानीय निवासियों महेश समादिया और रमेश पाराशर ने बताया कि दुब्बे पाड़ा की यह पुलिया शारदीय नवरात्र के दौरान पानी के एक टैंकर के दबाव से टूट गई थी। इसके बाद से यह क्षितठास्त अवस्था में ही पड़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले एक वर्ष तक यह पुलिया खुली अवस्था में थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों के प्रदर्शन और शिकायतों के बाद इसका अस्थायी निर्माण कराया गया था। टैंकर के दबाव से पुलिया का करीब 7 फीट हिस्सा टूट गया, जिससे वाहनों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। यह पुलिया पुरानी आबादी क्षेत्र की कई कॉलोनियों के लोगों के लिए मुख्य मार्ग है। बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के क्षतिग्रस्त हिस्से में गिरने का डर बना हुआ है। वाहन चालक शेष हिस्सों से बड़ी मुश्किल से पुलिया पार कर पा रहे हैं, खासकर त्योहारी सीजन में जब लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। प्रदर्शन में महेश समादिया, भीमसेन पंजाबी, तरुण, रमेश पाराशर, बाबूलाल महावर सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द पुलिया का स्थायी निर्माण कराने की मांग की है।

साइबर फ्रॉड पीड़ित को मिली राहत

हिंडौन सिटी। सदर थाना पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से धोखाधड़ी से निकाले गए 85 हजार रुपए की राशि को होल्ड कराकर पीड़ित को लौटा दिया है। यह राशि न्यायालय के आदेश पर पीड़ित को सुपुर्द की गई।

सदर थाना प्रभारी देवेश जाटव ने बताया कि लहावद निवासी मुकेश मीना ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मीना ने अपनी शिकायत में बताया कि बस यात्रा के दौरान उनका मोबाइल गुम हो गया था।यात्रा के बाद जब वे एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे, तो उनके खाते में केवल 8.63 रुपए बाकी थे। विभिन्न लेनदेन के माध्यम से उनके खाते से कुल 85 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई थी।पीड़ित की लिखित शिकायत के बाद सदर थाने में मामला दर्ज किया।

रंग- रोगन का निर्णय बहुत अच्छा लेकिन निर्णय समय पर नहीं

करौली । राजस्थान के समस्त शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक शिक्षा सचिव कृष्ण कुमार कुणाल की अध्यक्षता में समसा कार्यालय श